कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय,
घुमका, जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)

web site- www.rablcollege.ac.in Email : govt.collegeghumka@gmail.com

घुमका, दिनाँक 22.12.2023

//प्रतिवेदन//

घुमका महाविद्यालय वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक प्रमाण'



शासकीय रानी अवन्तीबाई लोधी महाविद्यालय घुमका के वाणिज्य संकाय के छात्र छात्राओं द्वारा एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया । जिसके अंतर्गत छात्रों ने राजीव लोचन मन्दिर राजिम , सस्पेंशन केबल ब्रिज लक्ष्मण झूला , कुलेश्वर महादेव मन्दिर पैरी संगम राजिम , महाप्रभु वल्लभाचार्य मन्दिर चम्पारण्य , सांस्कृतिक संग्रहालय पुरखौती मुक्तांगन नवा रायपुर तथा महादेव घाट रायपुर का अवलोकन किया। शैक्षणिक भ्रमण दल प्रभारी विनोद वर्मा ने बताया कि छात्रों के समूह ने सर्वप्रथम मध्यकालीन सगुण भक्ति शाखा के अन्तर्गत कृष्ण भक्ति धारा के प्रतिनिधि कवि सूरदास जी के दीक्षागुरु महाप्रभु वल्लभाचार्य जी की जन्मस्थली चम्पारण्य कौहाझर का अवलोकन कर भक्ति आन्दोलन में महाप्रभु के योगदान की जानकारी हासिल किया । वहाँ के भक्तिमय वातावरण से सभी विद्यार्थी भाव विभोर हो उठे । तत्पश्चात उन्होंने राजिम स्थित वैष्णव सम्प्रदाय के प्रतिनिधि राजीव लोचन के ऐतिहासिक मन्दिर के दर्शन किये । छात्रों का समूह महानदी पर नवनिर्मित केबल सस्पेंशन ब्रिज पार कर पैरी संगम पर स्थित कुलेश्वर महादेव मन्दिर के ऐतिहासिक सौन्दर्य से अवगत हुआ। इस अवसर पर शैक्षणिक भ्रमण दल ने नवा रायपुर स्थित सांस्कृतिक धरोहर संग्रहालय पुरखौती मुक्तांगन का अवलोकन कर छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक वैभव की जानकारी प्राप्त किया। अंत में भ्रमणकारियों ने रायपुर खारून नदी के तट पर स्थित महादेव घाट के भी दर्शन किये। यह शैक्षणिक भ्रमण छात्र छात्राओं की बौद्धिक ज्ञानार्जन एवं ऐतिहासिक समझ बोध विकसित करने की दृष्टि से आयोजित किया गया था ।

(डॉ. बी. के. देवांगन)
प्राचार्य
शासकीय रानी अवंती बाई लोधी महाविद्यालय,
घुमका, जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)

दिनांक 22/12/2023

//फोटोग्राफ्स //

घुमका महाविद्यालय वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक प्रमाण'



(डॉ. बी. के. देवांगन)
प्राचार्य
शासकीय रानी अवंती बाई लोधी महाविद्यालय,
घुमका, जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय,
घुमका, जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)
web site- www.rablcollege.ac.in Email : govt.collegeghumka@gmail.com

घुमका, दिनाँक 17.12.2023

//प्रतिवेदन//

घुमका महाविद्यालय वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक प्रमाण'

आज दिनांक 17.12.2023 को शासकीय रानी अवंती बाई लोधी महाविद्यालय घुमका के विज्ञान संकाय के छात्र–छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण हेतु ऐतिहासिक नगरी सिरपुर एवं महादेवघाट का भ्रमण किया तथा श्री भारतेन्दू प्रसाद वर्मा ने बताया कि सिरपुर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं सिरपुर महानदी के तट स्थित एक पुरातात्विक स्थल है। इस स्थान का प्राचीन नाम श्रीपुर था यह एक विशाल नगर हुआ करता था तथा यह दक्षिण कोशल की राजधानी थी। सोमवंशी नरेशों ने यहाँ पर राम मंदिर और लक्ष्मण मंदिर का निर्माण करवाया था। ईंटों से बना हुआ प्राचीन लक्ष्मण मंदिर आज भी यहाँ का दर्शनीय स्थान है। उत्खनन में यहाँ पर प्राचीन बौद्ध मठ भी पाये गये हैं। सिरपुर पर सर्वाधिक लेख छत्तीसगढ़ के पुरातात्विक यात्री रमेश कुमार वर्मा लिखे हैं जिसमें इस जगह के मन्दिर का विशेष वर्णन है । श्री देवानंद बंधे ने महादेव घाट की विशेषताओं को रेखांकित किया।

उक्त भ्रमण बौद्धिक कुशलता एवं ऐतिहासिक दृष्टिकोण से बहुत ही लाभप्रद रहा जिसे छात्र–छात्राओं को भविष्य में इसे महत्वपूर्ण लाभ होंगे।

(डॉ. बी. के. देवांगन)
प्राचार्य
शासकीय रानी अवंती बाई लोधी महाविद्यालय,
घुमका, जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)

दिनांक 17/12/2023

//फोटोग्राफ्स //

घुमका महाविद्यालय वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक प्रमाण'



(डॉ. बी. के. देवांगन)
प्राचार्य
शासकीय रानी अवंती बाई लोधी महाविद्यालय,
घुमका, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)